कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-13.08.2024

विषयः-थाना बड़ागांव पुलिस ने 02 नफर चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान व घटना में प्रयुक्त मैजिक वाहन बरामद,

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 12.08.2024 को थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा थाना स्थानीय अन्तर्गत ग्राम औसानपुर में रात्रि के समय दो अलग-अलग मकानों में घुसकर चोरी करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्तगण अजय कुमार पुत्र लालमन राम, नि0 औसानपुर, बडागांव उम्र 20 वर्ष तथा शुभम पुत्र स्व0 विजय, नि0 औसानपुर, थाना बडागांव, वाराणसी उम्र 19 वर्ष को साई सिटी रोड हरहुआ से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का सामान 01 अदद स्टेप्लाईजर, 01 अदद स्टार्टर, व घटना मे प्रयुक्त मैजिक वाहन नं0 UP 65 PT 0773 बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 10/11.08.24 की रात्रि में हम दोनो मिलकर औसानपुर के महेन्द्र राजभर के बन्द मकान खिड़की से जिसमें केवल ईंटा लगा हुआ था। ईंटा हटाकर अन्दर घुसकर समर सेबिल का स्टेप्लाइजर व स्टार्टर चुरा लिये थे तथा समरसेबिल पम्प को निकालने का प्रयास किये किन्तु निकाल नहीं पाये तथा करीब डेढ़ माह पूर्व औसानपुर के ही नीरज प्रसाद जिनका मकान पंचकोशी रोड पर है उनके मकान से हम दोनो लोगो ने एक साउंड सिस्टम, इन्वर्टर, स्टेप्लाइजर, सम्मरसेबिल का स्टार्टर, इन्वर्टर बैटरी चोरी किये थे और इसी मैजिक वाहन से ले जाकर घूम फिर कर कबाड खरीदने वाले कबाडी को बेंच दिया था चोरी किए सामान को बेचने पर जो पैसे मिले थे उसको खर्च कर दिये है जो बाकी पैसा बरामद हुआ है वही पैसा है । साहब मैजिक वाहन से चोरी का सामान बेचने के लिए जा रहे था की आप लोगो ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. अजय कुमार पुत्र लालमन राम, नि0 औसानपुर, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।
2. शुभम पुत्र स्व0 विजय, नि0 औसानपुर, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

बरामदगी का विवरण –

01 अदद स्टेप्लाइजर नीले कलर का oil box Autocut voltage stabilizer लिखा हुआ।
01 अदद स्टार्टर काले रंग का
कुल बिक्री के 1550 रूपया नगद।
घटना में प्रयुक्त मैजिक वाहन नं0 UP 65 PT 0773 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0स0 322/2024 धारा 305/317 बीएनएस थाना बड़ागाँव कमिश्नरेट वाराणसी।
मु0अ0स0 286/24 धारा 380/457/411 भादवि थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः

उ0नि0 शिवानन्द सिसौदिया चौकी प्रभारी हरहुआ, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
उ0नि0 प्रवीण कुमार सचान, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
का0 पीयूष सिंह, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
का0 विवेक सिंह, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी